# सीएम आज भोपाल में करेंगे ध्वजारोहण

**▸ राजधानी के लाल परेड मैदान में होगा राज्य स्तरीय समारोह**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 14 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ पर 15 अगस्त को राजधानी भोपाल में आयोजित राज्य-स्तरीय समारोह में ध्वजारोहण कर प्रदेशवासियों के नाम संदेश देंगे. इस अवसर पर राजधानी भोपाल सहित जिला मुख्यालयों पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां भी होंगी.**

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जबलपुर और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल शहडोल में ध्वजारोहण करेंगे. मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह रतलाम, मंत्री कैलाश



विजयवर्गीय धार, मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल भिण्ड, मंत्री राकेश सिंह नर्मदापुरम, मंत्री करन सिंह वर्मा मुरैना, मंत्री उदय प्रताप सिंह बालाघाट, मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके मंडला, मंत्री तुलसीराम सिलावट बुरहानपुर, मंत्री एदल सिंह कंषाना दतिया, मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया मंदसौर, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत नरसिंहपुर,

> मंत्री चैतन्य काश्यप राजगढ़, मंत्री इन्दर सिंह परमार दमोह, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती कृष्णा गौर सीहोर, धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी खंडवा, दिलीप जायसवाल सीधी, गौतम टेटवाल बड़वानी, लखन पटेल मउगंज, नारायण सिंह पंवार रायसेन, राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल बैतूल, प्रतिमा बागरी डिंडोरी, दिलीप अहिरवार अनूपपुर और राज्यमंत्री राधा सिंह सिंगरौली में ध्वजारोहण करेंगे.

मंत्री विश्वास सारंग खरगौन, मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ग्वालियर, मंत्री नागर सिंह चौहान अलीराजपुर, मंत्री प्रदुम्न सिंह तोमर शिवपुरी और मंत्री राकेश शुक्ला श्योपुर में ध्वजारोहण करेंगे.

## मेड इन एमपी, वियर एक्रॉस द वर्ल्ड अब राज्य का औद्योगिक मिशन

**▸ बीएसएल के अंतर्राष्ट्रीय सोर्सिंग लीडर्स के साथ राउंड टेबल बैठक में सीएम ने कहा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मेड इन एमपी-वियर एक्रॉस द वर्ल्ड केवल एक नारा नहीं, बल्कि राज्य का औद्योगिक मिशन है, जिसके तहत प्रदेश के उत्पादों की वैश्विक बाजारों तक प्रतिस्पर्धी पहुंच सुनिश्चित की जा रही है. टेक्सटाईल्स एवं गारमेंट सेक्टर से किसान महिला, युवा एवं गरीब वर्गों का सशक्तिकरण हो रहा है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में बीएसएल के अंतराष्ट्रीय सोर्सिंग लीडर्स के साथ राउण्ड टेबल बैठक की. इस अवसर पर राज्य सरकार और बीएसएल के बीच एमओयू भी हुआ.

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 5 एफ विजन को ध्यान में रखते हुए मप्र परिधान और वस्त्र उद्योग में फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन और फैशन टू फॉरेन की समूची वैल्यू चेन को एकजुट कर वैश्विक केंद्र बनने की ओर अग्रसर है.

## जनगणना समन्वय समिति हुई गठित

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 14 अगस्त. राज्य शासन द्वारा प्रदेश में जनगणना 2027 के राष्ट्रीय महत्व के कार्य के सुचारू एवं सफल संचालन के दृष्टिगत जनगणना कार्य निदेशालय एवं राज्य शासन के विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय एवं योजनाबद्ध रूप से कार्य करने के दृष्टिगत राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति का गठन मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में किया गया है.**

समिति में अपर मुख्य सचिव गृह, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नगरीय विकास एवं आवास, सामान्य प्रशासन, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी, वित्त, प्रमुख सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, राजस्व, सचिव, स्कूल शिक्षा, जनसम्पर्क, अपर सचिव गृह विभाग एवं नोडल



अधिकारी निदेशक एन.आई.सी. सदस्य होंगे. निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय मप्र भोपाल को संयोजक,सदस्य सचिव बनाया गया है.

समिति दोनों चरणों में शासन के सम्बधित विभागों के मध्य अपेक्षित सहयोग एवं समन्वय स्थापित करने का कार्य करेगी. समिति की बैठक में जनगणना कार्य के लिए लगाये जाने वाले कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना, जनगणना के मास्टर ट्रेनर फील्ड ट्रेनर्स और फील्ड स्टाफ का प्रशिक्षण निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आयोजित करना. 31 दिसम्बर 2025 तक प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं के परिवर्तन सम्बन्धी समस्त प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया जाना इत्यादि बिन्दुओं पर निर्णय लिया जायेगा. समिति का कार्यकाल 31 मार्च 2027 तक रहेगा.

> जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में सम्पन्न किया जायेगा. प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एव मकानों की गणना का कार्य अप्रैल से सितम्बर 2026 के मध्य, राज्य शासन द्वारा निर्धारित 30 दिवस की अवधि में संपन्न किया जायेगा. द्वितीय चरण अंतर्गत जनसंख्या की गणना का कार्य 9 से 28 फरवरी 2027 की अवधि में किया जायेगा. जनगणना 2027 के लिए सन्दर्भ तिथि 1 मार्च 2027 की रात्रि 12 बजे होगी.

## डायल-100 से डायल-112 लेकिन क्या बदलेगा कुछ?

### जीतू ने सरकार से पूछे दो बड़े सवाल

**भोपाल,14 अगस्त. मध्य प्रदेश में डायल-100 सेवा अब डायल-112 में बदली जा रही है, लेकिन सोशल मीडिया पर एक्टिव नागरिक जीतू ने सवाल उठाया है कि क्या सिर्फ नाम बदलने और तकनीकी तामझाम से असली बदलाव आएगा?**

जीतू ने ट्वीट कर कहा कि पिछले 10 वर्षों में डायल-100 को लगभग 9 करोड़ कॉल्स प्राप्त हुए, जिनमें हर कॉल जनता की किसी न किसी आशा से जुड़ी थी. इन वर्षों में सेवा के संचालन पर करोड़ों रुपये खर्च भी हुए, लेकिन



कॉल डिस्कनेक्ट, कॉल सेंटर की लापरवाही, संवेदनशील मामलों में सुस्ती, रिश्वत की मांग और समय पर पुलिस न पहुंचने जैसी शिकायतें लगातार सामने आती रहीं.

> जीतू ने सरकार से दो सवाल पूछे क्या डायल-100 से जुड़ी कमियों, शिकायतों और व्यवस्थागत समस्याओं की ईमानदारी से समीक्षा हुई है? और क्या 9 करोड़ कॉल्स में से कितने मामलों में वास्तविक मदद हुई, इसकी आधिकारिक रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में आई है? उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था लागू करने से पहले पुरानी की ऑडिट रिपोर्ट, जवाबदेही और सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने चाहिए.

## एयर एम्बुलेंस से मरीज को नया जीवन

### उप मुख्यमंत्री बोले- आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में आ रहा क्रांतिकारी बदलाव

**भोपाल,14 अगस्त. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा प्रदेश की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है. यह सेवा गंभीर रूप से बीमार मरीजों को उन्नत चिकित्सा सुविधाओं तक त्वरित पहुंच रही है.**

उन्होंने कहा कि आपदा, दुर्घटना या अचानक बिगड़ी स्वास्थ्य स्थिति में यह सेवा मरीज और उपचार के बीच की दूरी को कम करते हुए जीवन रक्षा में अहम भूमिका निभा रही है. मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के साथ-साथ इस तरह की जीवन



रक्षक सेवाओं का मजबूत नेटवर्क तैयार किया जा रहा है.

रीवा निवासी लवकुश दूबे (55) को ब्रेन हेमरेज और अत्यधिक रक्तचाप की गंभीर स्थिति में तत्काल उच्चस्तरीय इलाज की आवश्यकता थी. पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से उन्हें रीवा से चिरायु हॉस्पिटल,

> यह सेवा सड़क दुर्घटना, औद्योगिक हादसे, प्राकृतिक आपदा और अन्य आपात स्थितियों में राज्य के भीतर और बाहर मरीजों को सुरक्षित एवं त्वरित हवाई परिवहन उपलब्ध कराती है. आयुष्मान कार्ड धारक- राज्य के भीतर व बाहर सूचीबद्ध अस्पतालों में नि:शुल्क इलाज. ग़ैर आयुष्मान कार्ड नागरिक राज्य के भीतर सरकारी अस्पतालों तक नि:शुल्क सेवा, राज्य के बाहर अनुमोदित दरों पर सशुल्क सेवा.

भोपाल एयर-लिफ्ट किया गया. समय पर मिले उपचार से उनकी जान बचाई जा सकी.

## प्रदेश की सभी वक्फ संपत्तियों पर पहली बार फहरेगा तिरंगा

**भोपाल, 14 अगस्त . मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड ने इस बार स्वतंत्रता दिवस को खास अंदाज में मनाने का निर्णय लिया है. पहली बार प्रदेश की सभी वक्फ संपत्तियों पर एक साथ तिरंगा फहराया जाएगा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. इसके लिए सभी जिलों को साफ-सफाई, सजावट और तैयारियों के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस उत्सव से जुड़कर देशभक्ति की भावना को मजबूत कर सकें.**

राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनवर पटेल ने आदेश जारी करते हुए सभी जिलों को




> प्रदेश में लगभग 15 हजार से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं, जहां पहली बार एक साथ ध्वजारोहण होगा. साथ ही हर जिले में वक्फ बोर्ड के कार्यालयों में भी ध्वजारोहण होगा. आयोजन को सफल बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर साफ-सफाई, सजावट और अन्य तैयारियां की जाएंगी.

आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा है.

### ▸ एक नजर में ◂



#### किशोर की 20 करोड़ की संपत्ति ईडी ने जब्त की

**इंदौर.** इंदौर के गुटखा किंग और दबंग दुनिया पब्लिकेशन के मालिक किशोर वाधवानी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है. ईडी ने किशोर वाधवानी की करीब 20 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति जब्त की है. मामला दबंग दुनिया पब्लिकेशन से जुड़ा बताया जा रहा है. जांच में किशोर वाधवानी, नितेश वाधवानी और पूनम वाधवानी के नाम शामिल हैं. जब्त संपत्ति में फ्लैट और जमीन भी शामिल हैं. जांच एजेंसी ने जानकारी दी कि पीएमएलए एक्ट 2022 के तहत 11.33 करोड़ रुपए मूल्य की अचल संपत्तियों को स्थाई तौर पर अटैच किया गया है.

#### भिण्ड जिले में महिला से दुष्कर्म, आरोपी फरार

**भिण्ड.** मध्य प्रदेश के भिण्ड जिले में रौन थाना क्षेत्र के मुचा गांव में एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. आरोपी नीरज राजावत महिला को सुनसान जगह ले जाकर घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया. पुलिस ने धारा 376 में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

## सागर में युवक की हत्या के सभी आरोपी गिरफ्तार

### पुरानी रंजिश के चलते तलवार और खपचा से किया था हमला

**सागर, 14 अगस्त . सागर जिले में युवक की हत्या के मामले में सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गए हैं. पुलिस के अनुसार, गत दिवस फरियादी साहब अहिरवार निवासी संत रविदास वार्ड, थाना मोतीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मंदिर के पास जीवन लाल अहिरवार, कमलेश अहिरवार, छोटू अहिरवार, प्रभुदास अहिरवार, अर्जुन अहिरवार और बाबू अहिरवार ने पुरानी रंजिश के चलते तलवार और खपचा से हमला किया. इस हमले में अरविंद अहिरवार की मौत हो गई, जबकि साहब अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गए.**



> मामले में थाना मोतीनगर पुलिस ने हत्या एवं हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की. पहले चरण में प्रभुदास, बाबूलाल, जीवन लाल और अर्जुन अहिरवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था. फरार दो आरोपी कमल उर्फ कमलेश और छोटू उर्फ तेजभान अहिरवार को भी आज गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया.

## मानसून के कमबैक से जिलों में बारिश, चलेंगी तेज हवाएं

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 14 अगस्त. मप्र में एक बार फिर मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हो गया है. मौसम सिस्टम प्रणाली के सक्रिय होने से जिलों में बारिश हो रही है. मौसम विभाग के अनुसार अगले एक सप्ताह तक प्रदेशभर के जिलों में बारिश होती रहेगी. कुछ स्थानों पर हल्की और कुछ स्थानों पर तेज बारिश को लेकर पूर्वानुमान लगया गया है. मौसम वैज्ञानिकों ने अगले 48 घंटे तक भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है.**



मौसम विभाग ने मप्र के अधिकांश जिलों में बुधवार को बारिश की संभावना जताई है. धार, बैतूल, अलीराजपुर, सिवनी, मंडला, पाढ़ुर्णा नर्मदापुरम, बालाघाट, छिंदवाड़ा सहित जिलों में गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है. बारिश की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने इन जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है. इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी. इसके साथ ही छतरपुर, शिवपुरी, ग्वालियार, दतिया, भिंड़, मुरैना, गुना, श्योरपुरकलां, शाजापुर, राजगढ़, टीकमगढ़, अशोकनगर, विदिशा सहित जिलों में भी बारिश के आसार बने हैं. प्रदेश में फिलहाल बारिश का दौर जारी रहेगा. मौसम विभाग ने बारिश की संभावना को लेकर पूर्वानुमान लगाया है.

## आज जेल से आजाद होंगे 156 कैदी, 6 महिलाएं भी

### शासन ने माफ कर दी सजा

**भोपाल, 14 अगस्त. लोगों को जाने-अनजाने में हुए अपराध की सजा देने के लिए जेल की सजा दी जाती है.**

ऐसे में लोगों का पूरा जीवन ही जेल की सलाखों के पीछे कट जाता है, लेकिन इस दौरान कई ऐसे कैदी भी होते हैं, जिनके आचरण में बदलाव आ जाता है और वे फिर से नया जीवन जीने की चाह रखते हैं. ऐसे ही करीब 156 कैदियों को इस बार स्वतंत्रता दिवसके अवसर पर रिहा किया जाएगा, वे फिर से अपनी जिदंगी खुशी से जी सकेंगे.

> स्वतंत्रता दिवस पर मध्यप्रदेश की जेलों में बंद 150 से ज्यादा कैदियों को आजादी मिलेगी. प्रदेश के 156 कैदियों को रिहा किया जाएगा, जिसमें 6 महिलाएं भी शामिल हैं. भोपाल जेल से सबसे ज्यादा 25 कैदी रिहा होंगे. जेल विभाग की रिहाई नीति के तहत इन कैदियों को सजा में माफी दी गई है. सालभर में 5 विशेष अवसरों पर बंदियों को रिहाई दी जाती है.

## रेलवे अधिकारी और आरक्षक सम्मानित

### उत्कृष्ट सेवा कार्यो के तहत मिला सम्मान

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 14 अगस्त. रेलवे सुरक्षा बल पमरे के महानिरीक्षक- सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त एवं प्रधान आरक्षक को गुरूवार को सम्मानित किया गया. उत्कृष्ट सेवा के लिये स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय पुलिस पदक से सभी को सम्मानित किया गया. यह पदक उनकी उत्कृष्ट सेवा कार्यो के तहत दिया गया.**

रेलवे में महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त के पद पर तैनात राजीव कुमार यादव, 1998 सिविल सर्विस बेच के अधिकारी है, पश्चिम मध्य रेलवे



में तैनाती के पूर्व वह कोटा मण्डल, झॉसी मण्डल, लखनउ मण्डल, रायपुर मण्डल, पश्चिम रेलवे, उत्तर पश्चिम रेलवे एवं रे.सु.ब. क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र खडगपुर इत्यादी जगहो में अपनी सेवा प्रदान कर चुके है. इन्हे वर्ष 2010 में महानिदेशक प्रतिक चिन्ह से सम्मानित किया जा चुका है.



रामराज सिंह, प्रधान आरक्षक, बीना पोस्ट, भोपाल मंडल वर्ष 1991 में रेलवे सुरक्षा बल में आरक्षक के पद पर आये और ये अपनी सेवा मध्य रेलवे के झॉसी वर्कशॉप, आमला पोस्ट, पश्चिम मध्य रेलवे के हबीबगंज पोस्ट, अपराध खुफिया शाखा भोपाल, भोपाल पोस्ट पर अपनी सेवा दे चुके है.




## पीएम ने जनजातीय समाज को दिया पूरा सम्मान

**भोपाल, 14 अगस्त. केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गा दास उइके ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 से अब तक जितनी योजनाएं बनाई वे भारत को एकसूत्र में पिरोने वाली हैं. उन्होंने जनजातीय समाज को पूरा सम्मान दिया और उनकी मर्यादा का ख्याल किया.**

केन्द्रीय राज्यमंत्री उइके गुरूवार को भोपाल के पलाश होटल में भारत सरकार के आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय मास्टर्स ट्रेनर्स के चार दिवसीय प्रशिक्षण के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे. प्रदेश के जनजातीय कल्याण मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह भी उपस्थित थे. प्रशिक्षण सत्र में 17 जिलों के 104 मास्टर ट्रेनर्स ने भाग लिया. उल्लेखनीय है आदि कर्मयोगी अभियान का उददेश्य प्रदेश में राज्य, जिला और विकासखंड स्तर पर तीन लाख प्रतिबद्ध मास्टर ट्रेनर्स का गतिशील कैडर तैयार करना है, जो जनजातीय क्षेत्रों में अंतिम छोर तक सेवा तंत्र को मजबूत करेगा. केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री उइके ने कहा कि जनजातीय समाज के खान-पान को प्रधानमंत्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सम्मान दिलाया. ज्वार, बाजरा, मक्का, कोदो-कुटकी जैसे मोटे अनाज अब श्रीअन्न के रूप में अंतर्राष्ट्रीय बाजार की शोभा बन गये हैं. जनजातीय क्षेत्रों में सिकलसेल जैसी गंभीर बीमारी के इलाज पर आज ध्यान दिया जा रहा है, जो वर्षो जानलेवा बनी रही.

### ▸ प्रधानमंत्री मोदी में दूरदृष्टि है : उइके

केन्द्रीय राज्य मंत्री उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी में दूरदृष्टि है. वे बदलते भारत की तस्वीर देखने में सक्षम हैं और उसी के अनुरूप कार्य कर रहे हैं. वर्ष 2047 तक विकसित भारत की सोच इसी का परिणाम है. अब सबकी साझा जिम्मेदारी है कि इसे धरती पर उतारने में पूरी तरह जुट जायें. सनातन धर्म में स्पष्ट है जो देगा वह पायेगा. इसलिए सेवाभाव को सबसे पहले आत्मसात करें. उन्होंने कहा जनजातीय समुदाय के बारे में उन लोगों ने कभी सोचा नहीं जिनके हाथ में सत्ता थी. मुगलों और अंग्रेजों ने भी शोषण में कमी नहीं की.

## बीएमसी से अपहृत नवजात एक घंटे में सुरक्षित बरामद

**सागर.** मध्य प्रदेश के सागर जिले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शासकीय बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (बीएमसी) से अपहृत चार दिन के नवजात को मात्र एक घंटे में सुरक्षित बरामद कर परिवार को सौंप दिया.

पुलिस के अनुसार, बीएमसी में भर्ती एक महिला का नवजात एक अज्ञात महिला उठा ले गई थी. अधिष्ठाता ने तत्काल गोपालगंज थाना पुलिस को सूचना दी. सीसीटीवी में संदिग्ध महिला की तस्वीर मिली, जिसके बाद बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य मार्गों पर चेकिंग शुरू की गई. इसी बीच जानकारी मिली कि महिला बस से कर्रापुर जा रही है. बस रोककर तलाशी में दो महिलाएं नवजात के साथ मिलीं. फोटो से पहचान के बाद बच्चे को एम्बुलेंस से बीएमसी लाया गया.

**सवाल** ▸ सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में पुनर्गणना में खुलासा, हारे प्रत्याशी को मिली जीत

## ईवीएम में वोट चोरी का खेल जारी, जल्द और सच सामने आएगा

**भोपाल,14 अगस्त. मध्य प्रदेश के कांग्रेस विधायक उमंग सिंघार ने हरियाणा पंचायत चुनाव में सामने आए श्वङ्करू गड़बड़ी के मामले को आधार बनाकर चुनावी प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठाए हैं.**

उन्होंने कहा कि यह घटना साबित करती है कि नीयत में खोट के कारण श्वङ्करूमें छेड़छाड़ कर वोट चोरी की जाती है और चुनाव जीतने का पाखंड रचा जाता है. उनका दावा है कि सरपंच से लेकर सांसद तक के चुनाव में यह खेल जारी है, मगर अब परेशान होने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस



मुद्दे पर सख्त रुख अपना चुके हैं और जल्द कई और मामलों में भी सच सामने आएगा.

सिंघार ने जिस घटना का जिक्र किया, वह हरियाणा के पानीपत जिले के बुआना लाखू गांव के सरपंच चुनाव से जुड़ी है. यहां गड़बड़ी और अनियमितताओं की शिकायत पर मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा. कोर्ट ने ईवीएम और अन्य चुनावी दस्तावेज मंगवाए तथा सभी बूथों के वोटों की पुनर्गणना रजिस्ट्रार की निगरानी में कराई. इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी हुई.

पुनर्गणना में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया. पहले घोषित नतीजों में विजयी प्रत्याशी मोहित कुमार को 1,051 वोट मिले थे और कुलदीप सिंह को हार का सामना करना पड़ा था. मगर पुनर्गणना में पाया गया कि कुलदीप सिंह को वास्तव में अधिक वोट मिले थे. इसके बाद नतीजा संशोधित करते हुए कुलदीप सिंह को विजेता घोषित किया गया.

सिंघार ने कहा कि यह मामला सिर्फ एक गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे यह स्पष्ट होता है कि ईवीएम में गड़बड़ी कर जनता के जनादेश के साथ खिलवाड़ किया जाता है. उन्होंने जनता से इस मुद्दे पर जागरूक रहने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होने की अपील की.

> **फर्जी वोटर्स का डेटा जुटाने के निर्देश**
>
> प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मप्र कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक हुई. बैठक में मुख्य रूप से वोट चोरी संबंधी मामले पर विस्तार से चर्चा हुई और इसके खुलासे की रणनीति बनाई गई. साथ ही, प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर भी मंथन किया गया. विधायकों और नेताओं को फर्जी वोटर्स का डेटा जुटाने के निर्देश दिए गए. प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने मीडिया से कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग एक जैसे काम कर रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग द्वारा डिजिटल वोटर लिस्ट उपलब्ध नहीं कराना और बूथों के सीसीटीवी फुटेज 45 दिन में खत्म कर देना उसकी निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है.

